## एक नजर

### 15 जून को महागठबंधन के धरना कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला परिसर में जदयू के कार्यकारिणी एवं पंचायत अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जदयू के जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद सलमान रागिब ने की। मंच संचालन जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष सतीश कुमार यादव ने की। जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला एवं कहा कि पार्टी के आलाकमान के द्वारा जो निर्देश दिया गया है उसका अनुपालन करने के लिए हम सभी कार्यकर्ता सिपाही के रूप में डटे हुए हैं। जिला प्रभारी विक्रम कुमार ने भी कहा कि केंद्र सरकार धर्म के नाम पर रकजनीति कर रही है। लोगों को वास्तविक मुद्दों से भटका कर उन्हें गुमराह किया जा रहा है। अब बिहार की जनता जाग चुकी है। इसका मुहतोड़ जवाब जनता 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव में देगी। वारिसलीगंज विधानसभा के पूर्व विधायक प्रदीप कुमार ने कहा की केंद्र में बैठी मोदी सरकार की दोरंगी नीति को जनता जान चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विकास पुरुष नीतीश कुमार के विकास के कार्यों को जन- जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि 15 जून को होने वाले महागठबंधन के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनायें। इस अवसर पर वारिसलीगंज विधानसभा प्रभारी राकबालक चौहान, जिला उपाध्यक्ष विनय यादव, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष शकील अहमद, महिला प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष रिंकी देवी, गजाधर यादव, प्रकाश यादव, मो. जावेद, नेयाज अख्तर, यशवंत यादव, कृष्णनंदन प्रसाद, कन्हैया चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

### जल संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी आवश्यक -सरपंच प्रवेश

**नारदीगंज।** जल शक्ति अभियान के तहत सोमवार को नारदीगंज पंचायत के विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम सरपंच प्रवेश रविदास के नेतृत्व में पड़रिया, दरियापुर, नारदीगंज बाजार के अनुसूचित टोला व अन्य गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जल की महत्ता के बारें कहा।इस दौरान उन्होंने कहा आपलोग अपने घरों के समीप सोखता बनाकर पानी का संग्रह करें।सरकार भी इसके लिए राशि दे रही है।जलस्तर गिरने से पानी की संकट उत्पन्न हो गया है।नदी,नाले,कुआं, चापाकल दम तोड़ रहे हैं।इसके मिटते अस्तित्व को बचा लीजिये।अन्यथा पानी की गंभीर हालत हो जाएगा।पूर्वज नदी की पानी पीता था, बाबा कुआं का पानी,पोता नल का पानी,और परपोता बोतल का पानी पी रहा है,आने बाले पीढ़ी को बोतल का पानी भी नसीब नहीं होगा।कहा गया सात सौ जिले में 275 जिले में जल संकट है।आप लोग जरूरत के अनुसार पानी खर्च करे। पानी को बर्बाद नहीं करे। मौके पर हरखित पासवान, पप्पू राजबंशी, राजो राम समेत अन्य मौजूद रहे।

### पकरीबरावां में टैलेंट हंट सर्च परीक्षा में शामिल हुए सैकड़ो बच्चे

**पकरीबरावां।** रविवार को पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय पकरीबरावां परिसर में प्रखंडस्तरीय टैलेंट हंट सर्च परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में एक हजार से अधिक छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण माहौल में एवं समुचित व्यवस्था के बीच परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा चार ग्रुप में आयोजित की गई। इस दौरान कदाचारमुक्त परीक्षा के संचालन को लेकर कई वीक्षकों को लगाया गया। परीक्षा का आयोजन कर रहे श्रवण कुमार पुस्तकालय नई दिल्ली के सदस्य सुनील कुमार ने बताया कि 15 जून को परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा। बताया गया कि सफल प्रतिभागियों को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किए जाएंगे। आयोजक ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इससे बच्चों में एक- दूसरे से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा बढ़ती है।

### जमुआरा में खुला एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र

**नरहट।** ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए प्रखंड के जमुआरा गांव में भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया जिसका सोमवार को हिसुआ शाखा प्रबंधक अंतर्यामी कुमार ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि अब गांव गांव में बैंकिंग सेवा शुरू हो गई है। ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से लोग लेन देन कर सकते हैं। शाखा प्रबंधक ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र ग्राहकों की सेवा में सदैव तत्पर है। ग्राहकों को और बेहतर सेवा मिले इसके लिए गांव गांव में ग्राहक सेवा केंद्र खोला जा रहा है। इस ग्राहक सेवा केंद्र से लोग जमा निकासी कर सकते हैं और नया खाता भी खुलवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में बैंकों का महत्व काफी बढ़ गया है। विद्यार्थी, किसान, व्यवसायी, मजदूर समेत सभी को लोगों को इस ग्राहक सेवा केंद्र से काफी लाभ मिलेगा। पेंशन आदि के लिए लोगों को बैंक का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। ग्राहकों को सभी तरह की सुविधाएं ग्राहक सेवा केंद्र से उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक हिमांशु कुमार पंकज उर्फ पप्पू ने बताया कि हम ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करेंगे। उपस्थित बैंक अधिकारी एवं ग्रामीणों का आभार जताया। इस मौके पर सेव सोलुशन के जिला समन्वयक शैलेश कुमार, अनुज कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

### जिला नियोजन कार्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार की सुविधा उपलब्ध

**नवादाः-** जैनेन्द्र कुमार जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा ने बताया कि जिला नियोजनालय, द्वारा विभिन्न प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है, जिसमें कोई भी युवक/युवती समय-पूर्वा0 10:00 बजे से अप0 05:00 बजे के बीच जिला नियोजनालय, नवादा में आकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। सुविधाएं निम्न प्रकार हैः- 1.एनसीएस (नेशनल कैरियर सर्विस) पोर्टल पर निबंधन, जिसके माध्यम से रोजगार प्राप्त करने में सहायता। 2. स्कील ट्रेनिंग की जानकारी। 3.विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एवं ऋण प्राप्त करने के जानकारी के संबंध में। 4.उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मार्गदर्शन। 5.समुद्रपार नियोजन के बारे में (विदेश जाने हेतु) 6.प्रत्येक माह चार जॉब कैम्प का आयोजन प्राईवेट जॉब में जाने के लिए। 7.विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे-यूपीएससी, बीपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे एवं अन्य कम्पीटिटीव इक्जामिनेशन आदि के तैयारी के लिए मार्गदर्शन एवं अध्ययन के लिए लाईब्रेरी की सुविधा। 8.प्रत्येक वर्ष जिला स्तरीय नियोजन मेला का आयोजन किया जाता है।

### महागठबंधनः एकजुट होकर लड़ाई लड़ केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकेंगे

**बेगूसराय।** महागठबंधन वीरपुर प्रखंड की बैठक ई किसान भवन में राजद नेता अर्जुन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन सीपीआई नेता रामप्रवेश ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई नेता प्रहलाद सिंह ने कहा कि देश के अंदर अघोषित आपातकाल की स्थिति है। केंद्र में तानाशाह सरकार के कारण बेलगाम महंगाई की मार से जनता त्रस्त है। केंद्र की सरकार सांप्रदायिक उन्माद फैलाकर मस्त है। हिंदुत्व का भावना उभार कर गरीब जनता को लूटने का प्रयास जारी किए हुए है। इस परिस्थिति में तमाम महागठबंधन के घटक दल एकजुट होकर नीचे स्तर से लेकर ऊपरी स्तर तक लड़ाई लड़ेंगे और केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। सभा को कांग्रेस के नेता रामसागर सिंह, धर्मराज साहनी, जदयू के नेता शंभू पासवान, राम सुंदर कुशवाहा, राजद नेता बाल्मीकि यादव, माले नेता रंजीत चौधरी, सीपीआई के नेता चंद्र प्रकाश नारायण सिंह, राम आशीष महतो, राम ज्ञान महतो, राजद नेत्री अनीता साहनी ने भी संबोधित किया।

# जिला स्तरीय समन्वय राजस्व समिति की महत्वपूर्ण बैठक में उप विकास आयुक्त ने दिया आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता, नवादा



दीपक कुमार मिश्रा प्रभारी जिलाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में समाहरणालय के डीआरडीए सभागार* में जिला स्तरीय समन्वय राजस्व समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। आज बैठक में दाखिल खारिज ,समाधान सी डब्ल्यू जे सी ,बासगीत परचा ,सैरात , सम्पूर्ति विकास से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई। श्री उज्ज्वल कुमार सिंह अपर समाहर्ता नवादा ने सभी प्रखंड अंचल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सरकार की निर्धारित समय अवधि में भूमि से संबंधित विवाद और लगान को समाधान करना सुनिश्चित करें। अंचलाधिकारी अकबरपुर, नरहट रोह के कार्यकलापों की आलोचना की गई और ससमय कार्य करने का नसीहत दिया गया । सिरदला अंचलाधिकारी बिना सूचना के आज बैठक में अनुपस्थित पाए गए स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया । रजौली और मेसकौर अंचल अधिकारी का कार्य संतोषजनक पाया गया। अधिकारियों को सरकार के निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। ऑनलाइन भू लगान के बारे में समीक्षा की गई।

समाधान एप पर कार्यों को ऑनलाइन अपलोडिंग करने का निर्देश दिया गया। सभी अंचलों में भूमि विवाद से संबंधित लंबित समस्याओं को यथाशीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया गया। अतिक्रमण हटाने की समीक्षा की गई सभी अधिकारी को अपने अपने क्षेत्रों में अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्य करने का निर्देश दिया गया। प्रभारी जिलाधिकारी श्री दीपक कुमार मिश्रा ने सभी अधिकारी को डब्ल्यूपीओ के लिए जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिए ।सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए भी कई माह को निर्देश दिया गया। अकबरपुर अंचल में 13 से अधिक अतिक्रमण वाद लंबित है ।

### 16 जून को आयोजित होगी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

निज संवाददाता, नारदीगंज

पेंशनर भवन नारदीगंज में 16 जून यानी शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा। यह जानकारी पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से दिया। उन्होंने बताया आयोजित शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से होगा। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पेंशनरों को निःशुल्क रक्तचाप, मधुमेह समेत अन्य बीमारियों को जांच सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा0 इरशाद हसन करेंगे। आयोजित शिविर में अधिक से अधिक पेंशनर को उपस्थित होने की अपील किया है।

## जमीनी विवाद में मारी गोली,इलाज के लिए रेफर



निज संवाददाता, वारिसलीगंज

थाना क्षेत्र के बिरनामा पंचायत के रामपुर रामपुर निवासी नरेश यादव को अपने गांव के ही अरविंद यादव ने जमीनी विवाद को लेकर मारी गोली मार दी।घायलावस्था में इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पँहुँचे नरेश यादव ने कहा कि दूध का काम करते हैं। दूध दुहने गोनू बीघा जा रहे थे आंगनवाड़ी के निकट पूर्व से घात लगाकर बैठे अरविंद यादव ने गोली मार दी। पीड़ित का कहना है कि 8 वर्ष पूर्व हमने अरविंद यादव के पिता से जमीन खरीदा था, और जमीन खरीद कर उसी को खेती करने के लिए बटाई दे दिया था और आज उसके मन में बेईमानी आया। और आसपास के लोगों से पता चला कि वह जमीन छोड़ने के लिए कह रहा है कि मेरा जमीन है और मेरा ही रहेगा उसी को लेकर अपराधी अरविंद ने मारी गोली है।पुलिस मामले को लेकर तहकीकात कर रही है।गावँ में गोलीबारी की घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।घायल नरेश यादव को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।बहरहाल गावँ में तनाव की स्थिति कायम है।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर चितरकोली पंचायत में एकदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता, रजौली



प्रखण्ड क्षेत्र के चितरकोली पंचायत के सामुदायिक भवन में धूमधाम से विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर जीएल नरसिम्हन मौजूद रहे।उन्होंने बताया कि 12 जून को हर साल बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस मनाया जाता है।इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य बाल श्रम में लगे बच्चों के शोषण के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।जो बच्चें कम उम्र में पैसा कमाने के लिए श्रमिक बन जाते है,उन्हें बाल श्रमिक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।जब वे या तो काम करने के लिए बहुत छोटे होते हैं या उन्हें खतरनाक गतिविधियों में भाग लेने के लिए मजबूर किया जाता है जो उनके शारीरिक, सामाजिक,मानसिक या शैक्षिक विकास पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह दिन इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करता है कि इस प्रथा को खत्म कैसे किया जाता है और इसके लिए क्या करने की जरूरत है।इसका उद्देश्य बाल श्रम को खत्म करने के लिए सरकारों और नागरिक समाज संगठनों को एक साथ लाना है।इस दिवस का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा किया जाता हैं।इस दिन को लेकर आईएलओ (अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन) का कहना है कि "बाल श्रम पीढ़ी दर पीढ़ी गरीबी को मजबूत करता है,राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं को खतरे में डालता है और बाल अधिकारों पर कन्वेंशन द्वारा गारंटीकृत अधिकारों को कम करता है।"बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस अभियान, कार्यशालाओं और सेमिनारों के माध्यम से बाल श्रम के मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाता है,जिससे दुनिया भर में इसके पैमाने और गंभीरता पर ध्यान आकर्षित होता है।

यह दिन बाल श्रम को समाप्त करने और बच्चों के अधिकारों का समर्थन करने के लिए सरकारों, नियोक्ताओं, नागरिक समाज संगठनों और व्यक्तियों से आह्वान करके बाल श्रम को खत्म करने के लिए कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है।वैश्विक विकास पर बाल श्रम के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है,क्योंकि यह शिक्षा और भविष्य के अवसरों तक बच्चों की पहुंच को सीमित करके गरीबी और असमानता को कायम रखता है।सतत विकास हासिल करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और लचीले समाजों के निर्माण के लिए बाल श्रम का उन्मूलन महत्वपूर्ण है।बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस जागरूकता को बढ़ावा देने,कार्रवाई करने और वैश्विक विकास पर बाल श्रम के प्रभाव को उजागर करने के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि एक ऐसी दुनिया बनाई जा सके जहां सभी बच्चे अपने अधिकारों का आनंद ले सकें और शोषण और दुर्व्यवहार से मुक्त रह सकें।इस मौके पर एनपी सिन्हा, खुर्शीद अंसारी,हरिशंकर प्रसाद,शैलेश कुमार,शाहनवाज आलम,देवेंद्र कुमार,वार्ड सदस्य रेहाना खातून, पंचायत मुखिया प्रतिनिधि जगदीश यादव के अलावे दर्जनों अभिभावकगण व बच्चे मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना के बाद तस्कर ने शराब लदे बाइक को अस्पताल परिसर में छुपाया,पुलिस ने जब्त किया जब्त,तस्कर फरार

निज संवाददाता, रजौली




थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े शराब की खेंप को विभिन्न गांवों में बेखौफ पहुंचाया जा रहा है।सोमवार की दोपहर लगभग 4 बजे एएसआई सत्येंद्र सिंह ने एक बाइक पर लदे देशी महुआ शराब को जब्त किया।दोपहर को एक बाइक सवार एक व्यक्ति को धक्का मार कर अस्पताल परिसर में अपना बाइक लगा देता है।इस दौरान पुलिस वाहन 112 बाइक का पीछा करते हुए अस्पताल परिसर पहुंचती है।तबतक शराब तस्कर किसी तरह पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर भागने में सफल हो जाता है।जब 112 वैन द्वारा चाभी लगे बाइक की जांच की जाती है तो बाइक में रहे एक काले रंग के बैग से लगभग 25 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया जाता है।शराब की जब्ती को लेकर 112 वैन स्थानीय पुलिस को सूचना देती है।स्थानीय पुलिस सूचना पाकर तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचती है।जहां बिना नम्बर के स्प्लेंडर बाइक पर लदे देशी महुआ शराब को जब्त कर थाना परिसर ले जाती है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि दूरभाष के माध्यम से सूचना मिलने पर पुलिस बलों द्वारा शराब लदे एक बाइक को जब्त किया गया है।उन्होंने कहा कि जब्त शराब को लेकर बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं बताया कि फरार शराब तस्कर के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।वहीं लोगों के बीच चर्चा का माहौल है कि दिन दहाड़े कैसे एक बेखौफ शराब तस्कर शराब परिवहन का काम कर रहा है।

### खरीफ महाअभियान : प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम आयोजित



**दलसिंहसराय (समस्तीपुर)** । प्रखंड स्थित ई किसान भवन के सभागार में सोमवार को खरीफ महाअभियान और प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन आत्मा अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय की अध्यक्षता में की गई । गोष्ठी का उद्घाटन प्रखंड सहकारिता आप पंकज कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के इलेक्ट्रॉनिक, प्रखंड कृषि कृषि , प्रखंड प्रमुख, जिला जिला परिषद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया मंच का संचालन जिला प्रशिक्षक एवं सहायक तकनीकी नंद शुक्ला ने किया। उद्घाटन के बाद प्रखंड प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शांता कुमार चौधरी ने धान की उन्नत खेती तथा कृषि एवं आत्मा की योजनाओं के विस्तार के बारे में बताया। आत्मा अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय न वर्तमान स्थिति को देखते हुए समस्तीपुर जिला को सुखार घोषित करने की सरकार से मांग की तथा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था हो। स्थानिक पर आत्मा के सहायक तकनीकी प्रबंधक अरविंद कुमार पांडे, चंदन कुमार, अंशु कुमारी, उपेंद्र सिंह, उद्योग विभाग के विकास कुमार सहित प्रगतिशील कृषक सुखदेव महतो, पंकज कुमार साह, रामचंद्र सिंह, अर्जुन रावत, कमलकांत निराला, धर्मेंद्र महिला कृषक देवी नीलम आदि उपस्थित थे।

## अगलगी में घर का सारा सामान जलकर राख



**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की कबला पंचायत के हसना गांव में झलही देवी पति स्व. रामस्वरूप मांझी के घर में आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। तेज हवा के कारण आग की लपटें काफी तेज हो गई थी। जिस पर काबू पाना आसान नहीं था। आस पास के लोगों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच घर में रखा अनाज, कपड़े एवं अन्य सामान जलकर राख हो गए। घटना के बाद पीड़िता का रो- रोकर बुरा हाल है। पीड़िता ने बताया कि जो कपड़े पहनीं है केवल वही उसके पास बचा है। बाकी सभी सामान जल गया। कबला के पैक्स अध्यक्ष नवल कुमार उर्फ बब्लू सिंह ने बताया कि पीड़िता को तत्काल 20 किलो चावल एवं 20 किलो गेंहू दिया गया है। उन्होंने बताया कि अंचलाधिकारी को घटना की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा है कि कर्मचारी को अगलगी में हुए नुकसान का रिपोर्ट करने को कहा गया है। ग्रामीणों ने कहा कि पीड़िता काफी गरीब है। इस कारण मुआवजा मिलना जरूरी है।

## जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने द्वितीय अपील की किया सुनवाई

निज संवाददाता, नवादा

कारी प्रसाद महतो जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकरी, नवादा ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सेवा शिकायत निवारण प्रणाली के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत ........ परिवादी उपस्थित हुए जिसमें से 04 मामले का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत सेवा शिकायत निवारण प्रणाली के तहत् ग्राम-टनपुरा, पो0-चैरवर, प्रखंड पकरीबरावां के वीर कुंवर सिंह द्वारा दिनांक 17.05.2023 को शिकायत ऑनलाईन दर्ज किया गया। प्राप्त शिकायत की सुनवाई उत्तरदायी पदाधिकारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा प्रश्नगत आवेदन को जॉच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। शिकायत की अगली सुनवाई के लिए दिनांक 22.06.2023 को निर्धारित किया गया। ग्राम-बहेरा भेलवा, पो0-सम्हरीगढ़, प्रखंड वारिसलीगंज के कमलेश कुमार द्वारा सेवा शिकायत निवारण प्रणाली के तहत् दिनांक 17.05.2023 को एसीपी/एमएसीपी का लाभ नहीं मिलने संबंधी दिनांक 17.05.2023 को ऑनलाईन शिकायत दायर किया गया, जिसमें उत्तरदायी पदाधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त शिकायत की सुनवाई के लिए दिनांक 22.06.2023 को 02:00 बजे अप0 में निर्धारित किया गया। ग्राम-चैनपुरा, थाना-वारिसलीगंज के दामोदर प्रसाद द्वारा दिनांक 17.05.2023 को सेवा शिकायत निवारण प्रणाली के तहत् ऑनलाईन शिकायत दर्ज किया गया। उत्तरदायी पदाधिकारी द्वारा जॉचोपरान्त प्रतिवेदन देने के पश्चात अगली सुनवाई के लिए वादी को बुलाया गया। ग्राम-जलालपुर, प्रखंड-वारिसलीगंज के शैलेन्द्र प्रसाद द्वारा सेवा शिकायत निवारण प्रणाली के तहत् दिनांक 17.05.2023 को ऑनलाईन शिकायत दर्ज किया गया। उत्तरदायी पदाधिकारी द्वारा शिकायत को जॉचोपरान्त प्रतिवेदन समर्पित किया गया एवं अगली सुनवाई के लिए वादी को उपस्थित होने के लिए कहा गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है। प्रखंडों/पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर/रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों के सुनवाई और निवारण में दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं ली जाती है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की ,निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क कहीं भी अपील दायर की जा सकती है।

## गरीब बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का किया वितरण

**बक्सर** : ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की अलख जगा रही हावड़ा नवज्योति संस्था की ओर से सिमरी प्रखंड के बलिहार गाँव स्थित निशुल्क बाल शिक्षा केंद्र में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। संस्था के सचिव प्रभात मिश्रा ने बताया कि स्थानीय गांव में गरीब परिवार को शिक्षित करने के लिए केंद्र संचालित किया जाता है। इसी कड़ी में समय समय पर बच्चों के हौसला अफजाई के लिए उनके बीच पाठ्य पुस्तक व मिष्ठान इत्यादि का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि उनके समाजसेवी संगठन के तरफ से ग्रामीण इलाकों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए पिछले कई वर्षों से पहल आरंभ है। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों को गांव के गणमान्य लोगों ने कॉपी, कलम व पेंसिल इत्यादि चीजे दे शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

## 6 दर्जन पक्षियों को बहेलियों से कराया मुक्त

**आरा** : पशु क्रूरता निवारण समिति ने भीषण गर्मी में प्यास से छटपटा रहे तोते, मैना, रॉबिनहुड, ललमुनिया करीब 6 दर्जन पिंजरे में कैद पक्षियों को पटना सिटी निवासी दो बहेलिया मो हसन व मो अमजद से मुक्त कराया। दोनों बहेलिये जेल के रोड के रास्ते से जा रहे थे। तभी पशु क्रूरता निवारण समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार अकेला की नजर उस बहेलिया पर पड़ी, उन्होंने तुरंत उसे पकड़ा और उन्होंने ने पक्षियों को अपने हाथों से खुले आसमान में आजाद करवाया। इसके एवज में बहेलिये को रुपये भी दिए। दीपक ने उनको हिदायत देकर छोड़ा और कहा कि आगे से वे ऐसे पक्षियों को पिंजरे में कैद नहीं करेंगे। कहा कि प्रकृति के सुंदर पक्षियों को पालना एक मानसिक बीमारी है। पशु पक्षी हमारे मित्र हैं। जो ना हमारी कभी बुराई करते हैं ना, कभी हमारी शिकायत करते हैं। पशु पक्षियों के प्रति करुणा ही अभयदान है। पशु-पक्षी के प्रति दया करे, इनका संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत जरूरी है।

## लोगों को कानूनी मदद का तरीका सिखाया

**कोईलवर** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय भोजपुर के तत्वाधान में प्रखण्ड कार्यालय कोईलवर के ई-किसान भवन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीओ संजय कुमार सिंह समेत पैनल के अधिवक्ता ने पंचायत से आये प्रतिनिधि सरपंच, न्याय मित्र, न्याय सचिव व राजस्व कर्मी को कानून के बारे में जानकारी दी। सीओ ने बताया कि विधिक जागरूकता शिविर में लोगों को लोक अदालत तथा मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के निस्तारण के संबंध में जागरूक किया जा सकता है। पैनल के पैनल के अधिवक्ता अनिता कुमारी ने बताया कि कानूनी जानकारी के लिए नालसा की कई योजनाओं को चलाया जाता है।

## चौसा में किसानों का आंदोलन 238 वें दिन भी जारी रहा

**चौसा** : चौसा में किसानों का आंदोलन 238 वें दिन भी जारी रहा। प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर मोर्चा के बैनर तले दर्जनों किसान धरने पर बैठे रहे।रविवार को धरना की अध्यक्षता छोटेलाल राम तथा मंच संचालन शिवजी तिवारी ने किया। जहां के प्रमुख वक्ताओं मे राजेश्वर सिंह,जितेंद्र राय,सीताराम गोंड़,नरेन्द्र तिवारी,मुन्ना ठाकुर,ब्रजेश राय,छेदी राजभर,नन्दकिशोर राम आदि ने एक स्वर में कहा कि एसटीपीएल कंपनी पूर्व मे मुख्य प्लांट हेतु अर्जित की गई जमीन अधिग्रहण मे स्थानीय किसान मजदूर बेरोजगार नौजवानों के साथ धोखा कर रही है।जिस समय जमीन अधिग्रहण हुआ उस समय कंपनी के द्वारा यह बताया गया कि यहां विकास की नदिया बहेगी और एक भी बेरोजगार नही रहेंगे। अभी तक जो बेरोजगार युवक आईटीआई किए है उनको अप्रेंटिस नही कराया जा रहा है।

# बक्सर में ट्रैक्टर-स्कॉर्पियो में टक्कर, 4 घायल

### दूल्हा-दुल्हन को लेकर आ रही थी गाड़ी, दोनों सुरक्षित, ट्रैक्टर तीन हिस्सों में बंटा



**बक्सरः** बक्सर के कृतपुरा में ट्रैक्टर और स्कॉर्पियो मे टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर तीन हिस्सों में बंट गया। उस पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, स्कॉर्पियो में दूल्हा-दुल्हन बैठे थे। दोनों सुरक्षित हैं।

एक युवक की हालत सीरियस बताई जा रही। ट्रैक्टर पर सवार लगभग 6 लोग मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चुन्नी गांव से शादी समारोह से समान लोड कर परमानपुर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बक्सर की तरफ से दूल्हा-दुल्हन को लेकर सजाई गई स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में आ रही थी। चौसा -बक्सर मुख्य मार्ग के कृतपुरा गांव के पास वाहन का आगे का दाहिना साइड वाला पहिया जोरदार आवाज के साथ फट गया।

गाड़ी अनियंत्रित होकर चौसा की तरफ से आ रही ट्रैक्टर में टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के आगे के परखच्चे उड़ गए। वहीं ट्रैक्टर टूट कर तीन हिस्सों में बट गया। घायलों में परमानपुर गांव के दीपेश कुमार 22, रोहित कुमार, इंग्लिश पुर निवासी डब्लू राजभर, विकास कुमार घायल हो गए। सभी का सदर अस्पताल इलाज चल रहा है। वहीं रोहित कुमार की हालत गम्भीर है जिसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

मुफस्सिल थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया। सभी घायलों से जानकारी एकत्रित करने के साथ ही वाहन मालिकों का पता लगाया जा रहा है। स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं जबकि ट्रैक्टर पर सवार कुछ लोगों को चोटें आईं हैं।

## प्रचंड गर्मी के कारण आंगनबाड़ी सुबह 7 से 9 बजे तक खुलेंगे

**आराः** भीषण गर्मी के साथ-साथ हीट-वेव का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले 20 जून तक प्रदेश में लू का प्रभाव बना रहेगा। इसलिए बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की संभावनाओं को देखते हुए आईसीडीएस के निदेशक कौशल किशोर ने पत्र जारी कर राज्य के सभी डीपीओ (जिला प्रोग्राम पदाधिकारी) और सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना पदाधिकारी) को आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव के लिए निर्देश दिया है। 8 जून से लेकर अगले 20 जून तक आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन अब सुबह 7 बजे से लेकर पूर्वाह्न 9 बजे तक ही संचालित किया जाएगा। इस अवधि के दौरान ही बच्चों को नाश्ता और गर्म खाना खिलाना सुनिश्चित किया जाय। मालूम हो कि आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुबह 7 बजे से 10.30 बजे तक पूर्वाह्न निर्धारित था।

# नाबालिग से 4 युवकों ने 4 घंटे तक किया गैंगरेप, बंदूक की नोक पर किया अगवा

**बक्सरः** बक्सर में एक 15 साल की नाबालिग के साथ 4 युवकों ने गैंगरेप किया। रविवार दोपहर किशोरी बाहर गई थी। तभी दो बाइक पर सवार 4 युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। एक आरोपी उसे अपने घर ले गया। वहां बंदूक का भय दिखाकर उसके साथ 4 घंटे तक गैंगरेप किया। फिर बाइक पर बिठाकर उसे गांव के बाहर छोड़ दिया।

मामला राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने पूरी जानकारी परिजन को दी। परिजन की सूचना पर राजपुर पुलिस ने लड़की का बयान दर्ज किया। सभी आरोपी उसी गांव के हैं। सभी की उम्र 20 से 22 साल है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

**बंदूक का भय दिखाकर किया अपहरण** : पीड़िता ने बताया कि वह बाहर शौच करने के लिए गई थी। उसी समय गांव के रहने वाले 3 युवकों के साथ एक अन्य अज्ञात युवक दो बाइक पर सवार होकर आए। उनमें से एक युवक ने बंदूक के बल पर उसे जबरन बाइक पर बैठा लिया। सभी उसे दूसरे युवक के घर ले गए। जहां चारों ने उसके साथ 4 घंटे तक गैंगरेप किया। इसके बाद गांव के बाहर लाकर छोड़ दिया। पीड़िता ने घर आकर सारी बात अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर राजपुर थाना पहुंचे। उसकी मां की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। एफआईआर अभी दर्ज नहीं हुई है।





राजपुर थाने की पुलिस ने नाबालिग लड़की को मेडिकल जांच के लिए बक्सर भेज दिया है। बक्सर SP मनीष कुमार ने बताया गया कि मामले में FIR दर्ज कर चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। एक स्पेशल टीम बनाकर मौके पर भेजी गई है। उन्होंने कहा कि चारों आरोपी जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे।

# महागठबंधन कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करेंगें

### » 15 जून को गड़हनी में महागठबंधन करेगा धरना-प्रदर्शन, की बैठक



**गड़हनीः** प्रखंड मुख्यालय गड़हनी में 15 जून को महागठबंधन कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करेंगें। जिसकी सफलता के लिए कार्यकर्ताओं ने गड़हनी सहिला पुल के समीप बैठक किया।बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि रामछपित राम व राजद प्रखंड अध्यक्ष मो. लालबाबू तथा संचालन राजद के राज्य परिषद सदस्य श्रीनिवास यादव ने की।

मौके पर वक्ताओं ने कहा की भाजपा देश से आपसी भाईचारा आपस में लड़ाकर समाप्त कर रही है। देश को बाटना चाहती है। देश के संपतियो को कारपोरेट जगत को बेच देना चाहती है।जिसको चाहती है सीबीआई, ई डी से डरा रही है। महागठबंधन के साथियों को एक होना होगा। कार्यकर्ताओं को मजबूत करना होगा। पूरे देश में महागठबंधन 15 जून से प्रखंड में धरना-प्रदर्शन करने जा रही है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अमरीश कुमार तोमर,आफताब आलम, सामाजिक कार्यकर्ता अक्षयबट ओझा,भाकपा माले कमिटी सदस्य प्रद्युमन पासवान, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ अकबर अली, प्रमोद गुप्ता, विधायक पी ए आनंद कुमार विक्की, मो. रमीज, प्रमोद यादव, भीम यादव, डबलू यादव सहित अन्य थे।

# भाजपा शासन के खिलाफ आंदोलन का आगाज

### » भाजपा लोकतंत्र नहीं राजतंत्र में यकीन करती हैः आप



**आराः** सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ द्वारा दिल्ली सरकार के पक्ष में सेवाओं के संबंध में दिये आदेश को केंद्र सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर बदलने के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने स्टेशन परिसर में विरोध सभा किया। अध्यक्षता जिला प्रभारी मिथिलेश कुमार सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा शासन के खिलाफ आंदोलन का आगाज हुआ है।

भाजपा को विश्व की सबसे भ्रष्ट और पाखण्डी पार्टी है, जो सत्ता के लिए देश के संवैधानिक और लोकतांत्रिक व सामाजिक ढांचे को नष्ट कर रही है। पूंजीपतियों के हाथों देश को बेच रही हैं। बेरोजगारी, भुखमरी, भ्रष्टाचार व वित्तीय दिवालियापन से देश कराह रहा है। मौके पर प्रो राजेंद्र त्यागी, कृष्ण मोहन ठाकुर, नरेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, अमित कुमार, सुजीत कुमार, रवि शंकर सिंह, विश्वनाथ ठाकुर, अंकित कुमार, सुरेंद्र कुमार, चंद्रशेखर, रूबी सिंह, अंजू कुमारी, विजय कुमार, बृजेश गुप्ता थे।

## उधूरा स्थित श्रीराम मंदिर को देखने आ रहे दूर-दूर से लोग

### » नौलखा मंदिर के नाम से विख्यात है मंदिर

**ब्रह्मपुरः** ब्रह्मपुर प्रखंड के उधूरा ग्राम स्थित श्रीराम मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन संत श्री श्री 1008 श्री वेणीमाधव दास जी गृहत्याग के 60 वर्ष बाद जब अपने जन्मभूमि लौटे तो मातृभूमि को समर्पित अपने इष्ट श्रीराम का मंदिर बनवाया था,जो आज नौलखा मंदिर के नाम से विख्यात है। मंदिर के महंत भरतदास जी महाराज ने कहा कि हमारे गुरु ने वो सब कुछ दिया जो अपने जीवन में मै कभी प्राप्त नही कर पाता। उन्होंने सदा राम और गुरु का आश्रय लेने को कहा।इस मंदिर की ख्याति इतनी है कि जो भी ब्रह्मपुर धाम में बाबा बरमेश्वर नाथ का दर्शन करने जो आते हैं उधूरा स्थित श्रीराम मंदिर का दर्शन अवश्य करता है।

# रोलेक्स सर्कस 14 जून तक ही खेल खिलाएगा



**बिक्रमगंज सदरः** अनुमंडलीय शहर बिक्रमगंज में एनके रोलेक्स सर्कस 14 जून तक ही खेल खिलाएगा। यह सरकार सिर्फ मणिपुर असम और नेपाल से कलाकार बुलाकर दिखाते हैं सर्कस में कला दिखाने वाले कलाकार ने अपने कला का प्रदर्शन दिखाते हुए जिंदा मछली निकलकर निकाल देता है।

सर्कस के राष्ट्रीय संयोजक एन के रोलेक्स सर्कस के प्रबंधक एमएस रहमान उर्फ हैप्पी ने बताया कि यह पुराना सर्कस है बंगाल का गौरव माना जाता है यह 35 वर्ष पुराना सर्कस है। महाराष्ट्र के सांगली महाराज के अस्तबल के इंचार्ज ने यह चुनौती स्वीकार की है उन्होंने घुड़सवारी करके दिखाया था सर्कस दिखाने के दौरान जो कलाकार ऊंचाइयों से कूदते हैं उनको देखकर परिसर में बैठे लोग की नजर थम जाती है ।

सर्कस में परेड स्पीक रफियन रिंग डांस लड्डू का खेल डबल साड़ी का खेल मणिपुरी कलाकारों द्वारा चाकू का खेल पांच वाला का खेल एवं मछली जिंदा खाकर फिर से जिंदा निकाल देने का खेल सर्कस के कलाकारों को अद्भुत बना देता है।

## बक्सर का तापमान 43.1, भीषण गर्मी से लोग परेशान

**बक्सरः** जिले का तापमान 43.1° तक पहुंच गया है। जिससे आम जन जीवन प्रभावित हुआ है। इसके साथ हीं प्रचंड गर्मी एवं चिलचिलाती धूप के कारण सब्जी का फसल प्रभावित हो रहा है। मानसून पूर्व बारिश नहीं होने के कारण किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

किसानों को लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है। बारिश नहीं होने और तेज धूप के चलते हरी सब्जियों के उत्पादन में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट आ गई है। इसके कारण लोगों को महंगी सब्जी खरीदनी पड़ रही है। गर्मी के कारण कद्दू, नेनुआ, भिंडी, परवल सभी सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ा है। किसानों ने बताया कि पिछले साल प्रति कट्ठा 35 किलो सब्जी का उत्पादन हुआ था, जो इस बार घटकर 15 किलो पर जा पहुंचा है। उत्पादन कम होने के बाद भी किसानों को सब्जियों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। वहीं उत्पादन घटने से हरी सब्जियां काफी महंगी हो गई है। इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है।

# इटाढ़ी प्रखंड के दस टीबी मरीजों को मिथिलेश पाठक ने लिया गोद



**इटाढ़ीः** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इटाढ़ी में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के तहत जिले के समाजसेवी मिथिलेश कुमार पाठक द्वारा निश्चय मित्र बनकर प्रखंड के 10 मरीजों को आजीवन गोद लिया गया तथा निश्चय पोषण कीट मरीजों को मुहैया कराया गया।

कार्यक्रम को संचालित करते हुए नागेश दत्त पांडेय ने बताया कि मिथिलेश पाठक ने ऐतिहासिक पहल की है जो समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रीनिवास उपाध्याय ने कहा कि इंदु कुमारी एसटीएसस से प्रेरित होकर मिथिलेश पाठक ने उनका आभार व्यक्त किया तथा कहा की इटाढ़ी प्रखंड जिले में नंबर वन बनेगा। वही मिथिलेश पाठक ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि मरीजों की सेवा करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा सिर्फ छः माह के लिए नहीं बल्कि आजीवन इटाढ़ी के दस 10 मरीजों का निश्चय पोषण देता रहूंगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने डॉ राकेश राज, इंदु कुमारी, अभिषेक सिन्हा, श्री प्रकाश दुबे, राजीव रंजन पाठक, मुकेश सिन्हा, गौरव कुमार, राहुल कुमार, जफर आलम, अजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# जन चेतना मंडल चुनाव के प्रभारी बने निर्मल सिंह

### भोजपुर के सचिव मंड का चुनाव संपन्न हुआ

**आराः** शहर के गोला मोहल्ला में राष्ट्रीय जन चेतना केंद्र, जिला शाखा भोजपुर के सचिव मंडल का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान प्रांतीय प्रतिनिधि डा एके दूबे व राम नारायण पाठक मौजूद थे। सचिव मंडल में डा रघुवर चंद्रवंशी, रविंद्र रजक, अधिवक्ता डॉ शीलभद्र, रामाशंकर पांडेय, सियाराम पासवान, कमलेश पांडेय को मंडल का सदस्य चुना गया। संस्था प्रमुख पीएन तोमर ने भोजपुर जिले का प्रभारी निर्मल सिंह शक्रवार को मनोनीत किया। जन चेतना केंद्र, आरा नगर कमेटी का चुनाव पहली जुलाई को विधिवत कराये जाने की घोषणा की गयी। मौके पर राम एकबाल राम, ललन पांडेय, ददन यादव, कुणाल, संजय उपाध्याय, अधिवक्ता केबी श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थे। संस्था प्रमुख पीएन तोमर के ज्येष्ठ पुत्र डॉ कमलेश सिंह के विगत सप्ताह हुई असामयिक मौत पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# युवकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही पुलिस

### » बंदूक का भय दिखाकर लड़कों ने नाबालिग से किया सामूहिक दुष्कर्म

**राजपुरः** थाना क्षेत्र में रविवार की शाम शौच करने गई नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची राजपुर पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर गैंगरेप करने वाले युवकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

पुलिस सूत्रों से मिली जनकारी के अनुसार राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बधार में शौच करने के लिए गई थी। उसी समय बहुआरा गांव के रहने वाले सत्येंद्र सिंह के पुत्र शशि कुमार, रविंद्र चौबे के पुत्र सुशांत चौबे, जितेंद्र चौबे के पुत्र मोहित चौबे व एक अन्य अज्ञात युवक दो बाइक पर सवार होकर आए।

उनमें से सुशांत चौबे नामक युवक ने बंदूक का भय दिखाकर लड़की को बाइक पर बैठाकर शशि कुमार के घर ले गए। जहां चारों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और फिर उसे रसेन गांव के ही बधार में लाकर छोड़ दिया। नाबालिग ने सभी बात परिजनों को बताई। जिसके बाद उसे लेकर राजपुर थाना पहुंचे। एफआईआर दर्ज करने के बाद राजपुर थाना पुलिस ने नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए बक्सर भेज दिया है।

# ओडिशा रेल हादसे में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

**मांगों पर समीक्षा**

**ब्रह्मपुर।** रघुनाथपुर रेल यात्री कल्याण समिति की समीक्षात्मक बैठक दोपहर 12 बजे दुर्गा मंदिर रघुनाथपुर में डॉ. चन्द्रशेखर पाठक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सबसे पहले पिछले सप्ताह बालासोर, उड़ीसा में रेल हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए,मृतक आत्माओं की शांति के लिए 2मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया।उसके बाद अनिश्चित कालीन धरना स्थगित होने के 15 दिनों के बाद समीक्षा की गई, फिर दूरभाष पर दानापुर मण्डल के एसीएम अधिकारी संजीव रमन जी से बाते हुईं, उन्होंने कहा कि रघुनाथपुर में ट्रेनों के ठहराव को लेकर, मगध एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, बनारस पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर मण्डल रेल दानापुर से अग्रसर कार्यवाही हेतु रेल मंत्रालय को अपनी अनुशंसा की है। इस तरह सभी बातें संयोजक नागेन्द्र मोहन सिंह के मोबाइल पर धरना स्थल पर हुईं।



बैठक में पूर्व निर्धारित अपनी मांगों पर समीक्षा की गई। जिसमें कई मांगों को रघुनाथपुर स्टेशन पर पास हुई कई योजनाओं में कई मांगो को समाहित होने के कारण उन मांगो को पूर्व की मांग सूची से हटाकर कुछ मांगों को अंतिम रूप दिया गया। जिनमें पहली मांग 03649अप व 03650डाउन बक्सर से बनारस तक चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन का विस्तार रघुनाथपुर तक करने। दूसरी 13391अप व 12392 डाउन श्रमजीवी एक्सप्रेस का ठहराव। तीसरी 20801 अप, 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस का ठहराव। चौथी 15125 डाउन व 15126 अप काशी पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस। पांचवीं 12142 अप 12141 डाउन पाटलिपुत्र लोकमान्य तिलक सुपरस्टार एक्सप्रेस का ठहराव। छठवीं 13257 अप व 13258 डाउन दानापुर आनन्द बिहार जनसाधारण एक्सप्रेस का ठहराव रघुनाथपुर स्टेशन पर हो। सातवीं सभी मेमू पैसेंजर ट्रेनों का किराया पूर्व की भांति सामान हो।

आठवीं पूर्व की भांति छात्रों, बुजुर्गो, महिलाओं,तथा दिव्यांगों को मिलने वाली छूट बहाल की जाए। बैठक में आठ सूत्री मांगों को स्वीकृति प्रदान कर आगे की रणनीति पर 30 दिन की अवधि पूर्ण होते ही अगली बैठक 25 जून को होगी, जिसमे मांगे नही पूरी होने के बाद आंदोलन की रूप रेखा तय की जाएगी। इस बैठक में संयोजक नागेन्द्र मोहन सिंह, अध्यक्ष डॉ चन्द्रशेखर पाठक, सचिव मो जावेद अख्तर, कोषाध्यक्ष दयाशंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष सीताराम ठाकुर, संदीप कुमार राय, संजय ओझा ,जलिल मोहम्मद उर्फ नेताजी, प्रभुनाथ पाल, सत्येंद्र कुमार, दीपक कुमार, राजेश कुमार यादव, चन्दन मिश्र व अन्य मौजूद थे।

# सभी विभागों का समन्वय सह फॉलो अप बैठक का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** सोमवार को जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता, आशीष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सभी विभागों का समन्वय सह फॉलो अप बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि गोह अंचल में अतिक्रमण हटाया जा रहा है और उसमें तेजी लाने के लिए तीन दिनों के अंदर मामलों का निष्पादित करने का निर्देश दिया गया एवं निर्देश दिया गया कि सभी अंचलों में अतिक्रमण हटाने पर विशेष जोर दिया जाए। बैठक में सभी अंचल अधिकारी को सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी एवं एलपीए के मामलों में 20 जून 2023 के पहले प्रतिशपथ पत्र दायर कर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। सभी सीओ से लोक शिकायत एवं भूमि विवाद मामलों का निपटारा कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, मोध गजाली द्वारा आगामी चुनाव के मद्देनजर सभी बीडीओ को बीएलओ की बैठक कर एवं मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर शुक्रवार तक जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रतिवेदन भेजने की बात कही गई। साथ ही मतदाताओ की सूची को यथाशीघ्र अपडेट करने की बात की गई। इसके अतिरिक्त अपर समाहर्ता द्वारा सभी विभागों से उनके विभागीय पत्रों एवं लंबित कार्यों के आलोक में चर्चा की गई एवं लंबित कार्यों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, डीपीआरओ मंजू प्रसाद, स्थापना उप समाहर्ता धर्मेंद्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता कृष्णा कुमार, वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार सिंह, अपर अनुमंडल पदाधिकारी मालती कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी राजीव रंजन, डीपीओ आईसीडीएस अनुपम बाला एवं वीसी के माध्यम से अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं और लड़कियों को देख अश्लील हरकत करना पड़ा मंहगा

निज संवाददाता

**पटना।** दानापुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर बैठकर महिला और लड़कियों को देखकर अश्लील हरकत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। प्लेटफार्म से ही किसी व्यक्ति ने उसके इस हरतक का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि, वीडियो वायरल होने के बाद दानापुर के जीआरपी रेल पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक का नाम आदित्य खान है, जो गया का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस उसके मनोचिकित्सक की मेडिकल कराने में जुट गई है। वहीं मामले की जानकारी देते हुए रेल एसपी ने बताया कि एक युवक प्लेटफार्म संख्या तीन पर बैठकर महिलाओं और लड़कियों को देखकर अश्लील हरकत कर रहा था। इसका वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने इसकी सत्यापन के लिए एक टीम का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस युवक को दानापुर से गिरफ्तार कर लिया है।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता




**औरंगाबाद।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन श्रम अधीक्षक, औरंगाबाद की अध्यक्षता में श्रम अधीक्षक कार्यालय, औरंगाबाद में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, औरंगाबाद, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, औरंगाबाद, जिला बाल संरक्षण इकाई औरंगाबाद के प्रतिनिधि, जीविका के प्रतिनिधि जे जे कोर्ट के अरुण कुमार सिंह, श्रमिक संगठन से उपेंद्र यादव, विजय सिंह, जिला परिषद सदस्य हरिराम, एनजीओ के प्रतिनिधि तथा सभी प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, रफीगंज, बबलू कुमार द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रति एवं विनि) अधिनियम 1986 के विभिन्न प्रावधानों का विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि द्वारा विमुक्त बाल श्रमिकों को पुनर्वासन हेतु किए गए कार्यों का विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। श्रम अधीक्षक औरंगाबाद, फिरोज अहमद द्वारा बताया गया कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 30 अप्रैल से लेकर 11 जून 2023 तक विभिन्न प्रखंडों में जन जागरूकता अभियान का संचालन किया गया तथा धावा दल के माध्यम से छह बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया तथा दोषी नियोजकों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार्यक्रम का संचालन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, ओबरा द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मदनपुर द्वारा किया गया।

# बाप-बेटे का अपहरण, मांगी तीन करोड़ फिरौती, दहशत में परिवार

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले में पिता-पुत्र के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया गया कि जिले के बारुण थाना क्षेत्र के जीटी रोड के मस्तूल बारुण के रेलवे क्रॉसिंग के पास से शनिवार शाम मो.अख्तर और इनके पुत्रआशिक का बदमाशों ने अपहरण कर लिया है। पिता-पुत्र बारुण थाना क्षेत्र के हेतमपुर सिरिस के निवासी हैं। शनिवार की शाम दोनों डेहरी में अपनी मोटर पार्टस की दुकान बंद कर घर लौट रहे थे .इसी दौरान रास्ते में अपराधियों ने दोनों का अपहरण कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि बारुण थाना के रेलवे क्रॉसिंग पुल के पास से बाइक को बरामद किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, बदमाशों ने परिवार से तीन करोड़ फिरौती की मांग की है। घटना के बाद परिवार दहशत में है। जब उस बिंदु पर औरंगाबाद एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम से सम्पर्क साधन की कोशिश की तो उन्होंने फोन उठाने से परहेज कर दिया, जब बारुण थाना प्रभारी समीम अहमद से बात करने की कोशिश किया गया तो फोन तो जरूर उठाया गया लेकिन उधर से यह बताया गया कि साहब अभी सो रहे है, बाद में बात कीजियेगा। अब इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं थाना क्षेत्र में अपराधियों ने दो व्यवसायी काअपहरण कर 3 करोड़ की फिरौती मांगा है और उसके थाना प्रभारी जब सो रहे हो तो यह अपने आप में एक बड़ी सवाल है इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि आज पुलिस प्रशासन की क्या वजूद रह गया है। परिजनों ने डेहरी थाना तथा बारुण थाना में अपहरण होने की मामला दर्ज किया गया है।

## बैंक में शॉट सर्किट से लगी आग

**जहानाबाद (नि.सं.)।** राज्य में प्रचंड गर्मी कहर बरपा रही है। वहीं गर्मी के कारण अगलगी की घटनाओं में भी बढ़ोतरी दिख रही है। ताजा मामला जहानाबाद का है। जहां एक बैंक में शॉट सर्किट से भीषण आग लग गई। वहीं लोगों के सुझ-बुझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। दअसल, घटना जिले के मखदुमपुर थाना के पाई बीघा मोड़ के समीप स्थित इंडियन बैंक का है। जहां के ब्रांच में आग लगने की घटना सामने आई है। हालांकि राहत की बात ये रही कि इस अगलगी में किसी की हताहत होने की खबर नहीं है। बता दें कि, इंडियन बैंक में एटीएम लगाने का कार्य जारी है। जिसमें सोमवार की दोपहर अचानक शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। बैंक के इलेक्ट्रीशियन ने बताया कि तार कमजोर रहने के कारण और ब्रांच ऐसी चल रहा था इन्हीं वजह से शॉर्ट सर्किट हुआ और आग पकड़ लिया। इलेक्ट्रीशियन और आसपास के लोगों की सूझ बूझ से आग पर काबू पाया गया।

# आज़ादी के अमृत महोत्सव में एसएसबी की पहल

निज संवाददाता




**बेतिया।** भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा में तैनात 65 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव इवेंट-2 के तहत स्कूली बच्चों को सीमा क्षेत्र का भ्रमण कार्यक्रम कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उक्त विद्यालय के 30 छात्रों को वाहिनी का सीमा चौकी क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। बल कर्मियों के होने वाले प्रशिक्षण के बारे में सीमा क्षेत्र एवं वाहिनी के द्वारा किए जाने वाले गतिविधियों की जानकारी, हथियार प्रदर्शनी व उसके बारे में विस्तृत जानकारी, महिलाओं को सेना में भर्ती होने वाली प्रक्रिया का संपूर्ण जानकारी छात्राओं को दी गई। साथ ही बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल तथा कॉलेज के छात्रों के मन में देश के प्रति देशभक्ति की भावना उत्पन्न करना है। इसके अलावा सभी छात्र अपने पुलिस बल को जानें, जो 8 पहर के प्रहरी है। जाने की वे कैसे देश की सीमाओं की सुरक्षा करते है। इस भ्रमण कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश सहायक कमांडेन्ट, निप्पू पाठक, प्रधानाध्यापक, शिक्षकों में राजेंद्र प्रसाद, मो. वाजिद अली, पूजा, पंकज धीर तथा 20 अन्य बल कर्मी मौजूद थे।

## भारत गौरव स्पेशल ट्रेन का यात्री करेंगे सफर

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** भारत गौरव स्पेशल ट्रेन इस देश के लिए बहुत ही सुंदर और सुविधाजनक ट्रेन है। जिसमें सफर करने के लिए वर्षों से लोग रोहतास जिले के यात्री इंतजार कर रहे थे किंतु अब इंतजार समय खत्म होते दिख रहा है क्योंकि 25 जून से रोहतास जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन तथा डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर भारत गौरव स्पेशल ट्रेन का ठहराव शुरू हो जाएगा और यात्रियों की आने जाने के लिए सुविधा जारी हो जाएगी, पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन की टीम के सदस्य जावेद अख्तर श्यामसुंदर पासवान द्वारा लगातार अधिकारियों से संपर्क कर इस ट्रेन की बुकिंग सासाराम से कराने के लिए गुहार लगाए थे। अब सासाराम जं. से भी यात्री कर सकते हैं भारत गौरव स्पेशल ट्रेन से माता वैष्णोदेवी, हरिद्वार, ऋषिकेश एवं राजस्थान के माउंटआबू, अजमेर, पुष्कर, बीकानेर, जैसलमेर के मरूभूमि की यात्रा आईआरसीटीसी कि भारत गौरव की पहली स्पेशल ट्रेन 25 जून को आएगी।

# नहीं थम रहा सीजीएल-3 परीक्षा का विवाद

निज संवाददाता




**पटना।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित तृतीय स्नातक स्तरीय (सीजीएल 3) परीक्षा का विवाद समाप्त होने के बजाय बढ़ते ही जा रहा है। जब दिसंबर में पीटी परीक्षा आयोजित हुई थी तो उस समय पेपरलीक के कारण यह परीक्षा विवादों मे थी। अब पीटी रिजल्ट के बाद एक बार फिर से पारदर्शिता के मुद्दे पर इस परीक्षा को लेकर विवाद शुरू हो गया है। राष्ट्रीय छात्र एकता मंच के अध्यक्ष छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा है कि इस परीक्षा मे परीक्षार्थियों का मार्क्स, ओएमआर, उत्तर और प्रश्न कुछ भी जारी नही किया गया है। 5 मार्च की पुनर्परीक्षा मे शामिल अभ्यर्थियों की संख्या लगभग 2600 ही है जबकि अन्य दोनों पालियों से रिजल्ट अधिक दिया है। परसेन्टाइल पर रिजल्ट किस आधार पर दिया गया है। इन सभी मुद्दों को बीएसएससी को स्पष्ट करना चाहिए। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि 9 लाख परीक्षार्थियों को यह जानने का अधिकार है कि उन्हें इस परीक्षा मे कितना मार्क्स आया, किस प्रश्न का कौन उत्तर आयोग ने सही माना है। परीक्षार्थियों के ओएमआर मे कोई छेड़छाड़ तो नही किया गया। इसलिए बीएसएससी को चाहिए कि 9 लाख अभ्यर्थियों की मांग और उनके हित को ध्यान मे रखते हुए सभी परीक्षार्थियों का मार्क्स, ओएमआर, उत्तर और प्रश्न ऑनलाइन जारी कर दें। जब बीपीएससी संवैधानिक संस्था होने के बावजूद भी पारदर्शिता के लिए ऐसा करती है तो बीएसएससी ऐसा क्यों नही करती छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर बीएसएससी ने ऐसा नही किया तो बिहार के सभी जिलों मे चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे और उसके बाद राजधानी पटना मे एक बहुत बड़ा छात्र आंदोलन करेंगे जिसमें एक लाख छात्र शामिल हों ऐसी कोशिश की जाएगी।

# चाणक्य आईएएस एकेडमी के छात्रों ने यूपीएससी के प्रारंभिक परीक्षा में मारी बाजी

निज संवाददाता



**पटना।** यूपीएससी के प्रारंभिक परीक्षा का फाइनल रिजल्ट आ चुका है और चाणक्य आईएएस एकेडमी पटना में मैन्स टेस्ट सीरीज के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चूका है। अभी तक प्राप्त आकड़ो के आधार पर चाणक्य आईएएस एकेडमी से बड़ी संख्या में छात्रों के चयन की सूचना है। हाल ही में घोषित यूपीएससी 2022 की फाइनल परीक्षा में भी इस संस्थान से बहुत बड़ी संख्या में छात्र सफल हुए थे। बता दें कि, इस वर्ष का रिजल्ट देखकर चाणक्य आईएएस एकेडमी पटना के छात्रों में व्यापक उत्साह है। अभी तक प्राप्त आकड़ों में बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है एवं अभी भी गिनती जारी है और आंकड़े अभी धीरे धीरे प्राप्त हो रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि अंतिम आंकड़ा बहुत ही उत्साहवर्धक होगा। चाणक्य आईएएस एकेडमी के प्रबंध निदेशक सक्सेस गुरु ए. के. मिश्रा एवं पटना सेंटर के रीजनल हेड डॉ. कृष्णा सिंह ने विधार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. कृष्णा सिंह ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा पैटर्न को सरलीकृत करके परीक्षा के मापदंडों को ध्यान में रखकर बड़े व्यापक पैमाने पर छात्रों को तैयारी कराई जा रही है। चाणक्य आईएएस एकेडमी के संस्थापक निर्देशक सक्सेस गुरु श्री ए. के. मिश्रा के मार्गदर्श में अनुभवी शिक्षक एवं अच्छे रैंक से चयनित व्यक्तियों के दवारा क्लासेज कराई जा रही हैं। इन्हीं के द्वारा पठन समाग्री का निर्माण भी किया गया है। संभवतः इन्ही कारणों से एकेडमी से इतना अच्छा रिजल्ट हो सका है। डॉ. कृष्णा सिंह ने कहा कि यूपीएससी के प्रारंभिक परीक्षा में चयनित तमाम विद्यार्थियों को मेन्स और इंटरभिव के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। ज्ञातव्य हो कि चाणक्य आइएएस एकेडमी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करवाने वाली देश की सबसे बड़ी संस्था है। जिसके देश के 16 राज्यों में 25 शाखाएं हैं और पिछले 30 वर्षों में लगभग 5000 से ज्यादा भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में चयन तथा 1000 से अधिक बीपीएससी परीक्षा में सफल उम्मीदवार दिया है।

## 14 लाख का विदेशी शराब पुलिस ने किया बरामद

**जहानाबाद (नि.सं.)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। इसके बावजूद शराब तस्कर नए नए हथकंडे अपना कर बिहार में शराब ला रहे हैं। ऐसा ही मामला बेगूसराय में सामने आया है। जहां तस्करों ने ट्रक पर लोड कर बिजली के तार लपेटने वाले क्वायल में तहखाना बनाकर 133 कार्टून विदेशी शराब लाया था। हालाँकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को जब्त किया है। बरामद अंग्रेजी शराब पंजाब राज्य निर्मित है जो कि उत्तर प्रदेश नंबर की ट्रक में छौड़ाही ओपी क्षेत्र में अनलोडिंग के लिए लाया गया था। पुलिस ने शराब लदे तीन गाड़ियों को जब्त किया है। जबकि मौके से करीब आधा दर्जन से अधिक शराब तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

# पूर्णिया में बेख़ौफ़ बदमाशों ने वार्ड पार्षद पर की फायरिंग, बाल बाल बची जान

- हालांकि गनीमत रही की गोली किसी को लगी नहीं। बल्कि वह स्टाफ के बगल से गुजरते हुए फर्नीचर का शीशा तोड़ते हुए गिर गया।

निज संवाददाता



**पूर्णिया।** जिले में अपराधी बेख़ौफ़ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्णियां के सहायक खजांची थाना के जिला स्कूल रोड में आज दिनदहाड़े वार्ड पार्षद नवल जयसवाल को एक फर्नीचर दुकान में अपराधियों ने गोली चला दी। हालांकि गनीमत रही की गोली किसी को लगी नहीं। बल्कि वह स्टाफ के बगल से गुजरते हुए फर्नीचर का शीशा तोडते हुए गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद और सहायक खजांची थाना की पुलिस मौके पर पहुंचे। वार्ड पार्षद के भाई विजय जायसवाल ने बताया कि वे लोग अपने दुकान में बैठे हुए थे। तभी बाहर से किसी ने फायरिंग किया और फर्नीचर का शीशा टूट गया। वही नवल जयसवाल ने बताया कि 2 दिन पहले कुछ लड़कों के साथ उसकी बहस हुई थी। उन्हें आशंका है कि कहीं उन्ही लोगों ने गोली चलाई हो। गौरतलब है कि 1 सप्ताह पहले ही मधुबनी ओपी के थाना प्रभारी मनीष कुमार को गोली मार दी गई थी।

## मद्य निषेध विभाग को मिला नया हथियार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में शराब माफियाओं द्वारा पुलिस की छापेमारी के दौरान हमले से बचने और तस्करों से निबटने के लिए नया तरकीब मद्य निषेध और उत्पाद विभाग ने ढूंढ निकाला है। अब छापेमारी करने निकली मद्य निषेध विभाग की छापेमारी टीम अपने साथ मिर्ची स्प्रे रखेंगे। जिससे करवाई में बाधा उत्पन्न करने और पुलिस पर हमला करने वालो पर मिर्ची स्प्रे का इस्तेमाल कर उससे निबटेंगे। दरअसल, लगातार पुलिस पर हमले को देखते हुए इस बावत जानकारी देते हुए मध निषेद विभाग के सयुक्त सचिव कृष्ण पासवान ने बताया कि पहले जिस तरह से कार्रवाई हो रही थी, उसी तरह से आगे भी करवाई जारी रहेगी। वहीं शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने को लेकर मद्य निषेध विभाग की टीम पर आये दिन छापेमारी के दौरान पुलिस टीम पर हमलावरों के द्वारा हमला करने का मामला सामने आता रहा है।

# 14 जून को लगेगा जॉब कैम्प : डीआरसीसी परिसर में होगा आयोजन

निज संवाददाता




**औरंगाबाद।** 14 जून को शहर के टाउन स्कूल के समीप जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र परिसर में रोजगार कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसमें युवाओं को रोजगार मिलेगा। उक्त रोजगार कैम्प का आयोजन जिला नियोजनालय के तत्वाधान में किया जा रहा है। रोजगार कैम्प सुबह 10:00 बजे से शुरू होगी। जो शाम 04:00 बजे तक चलेगी। रोजगार कैम्प में कोलकता के एक कंपनी भाग ले रही है, जो 100 रिक्ति पर युवाओं का चयन करेगी। युवाओं की उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई। वहीं 10वीं व 12वीं पास होना अनिवार्य है। रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा हमेशा इस तरह के रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें युवाओं को रोजगार दिया जाता है। आगे भी इस तरह के कैम्प का आयोजन किया जाएगा और युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने के लिए जिला नियोजनालय में निबंधन जरूरी है। इसलिए जो युवा अब तक अपना निबंधन नहीं कराए हैं, वे जल्द से जल्द करा लें। किसी भी साइबर कैफ़े या नियोजनालय में जाकर ऑनलाइन माध्यम से निबंधन कराया जा सकता है।

## 72 घंटे के भीतर साइबर थाना की उपलब्धि

**मोतिहारी (नि.सं.)।** मोतिहारी पुलिस की एक अच्छी व सराहनीय पहल सामने आई है। दरअसल जिले में साइबर थाना के खुले महज 72 घंटे भी नही हुए की उसने बड़े स्तर पर कार्य करते हुए एक बड़ी व अच्छी उपलब्धि अपने नाम हासिल की है। मोतिहारी पुलिस ने 68 ऐसे लोगो के चेहरे पर मुस्कान लाई है। जिसने अपने कीमती मोबाइल व बाइक किसी न किसी कारण से खो दिया था और उसके मिलने की आशा को भी खो दिया था। लेकिन मोतिहारि पुलिस ने आज वैसे 58 मोबाइल व दस बाइक को बरामद कर उनके असली मालिक को सौप दिया और उन्हें खुशियां प्रदान की है। मोतिहारि पुलिस इन लोगो को इनके कीमती मोबाइल व बाइक को लौटा रही है और इनकी दुवाएं ले रही है।

# फूड प्वाइजनिंग से 50 लोग बीमार, शादी समारोह में खाना खाने गए थे सभी

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** शादी समारोह में खाना खाने के बाद 50 से अधिक लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। सभी को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र के मंझौली गांव की है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के केवला गांव निवासी अवधेश पासवान के पुत्र शिवनाथ कुमार की बारात रफीगंज प्रखंड के पौथु थाना के मंझौली निवासी कपिल पासवान के घर गई थी। करीब 02:00 बजे रात में खाना खाने के बाद अचानक सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। सभी को उल्टी और चक्कर होने लगी, जिसके बाद आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सोमवार की सुबह 8:00 बजे तक 50 से अधिक लोगों को तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल लाया गया, जिसमें चार लोगों की हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बताते चलें कि रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लड़के के चाचा सुरेश पासवान और लड़की की मां कामनी देवी, पिता कपिल पासवान का भी इलाज चल रहा है।